रेरा में 75 फीसद मामले सिर्फ अग्रणी ग्रुप के

156 शिकायतों के साथ शाइनसिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट दूसरे नंबर पर

112 शिकायतों के साथ डीडीएल व अग्रणी इंफ्रा तीसरे स्थान पर

राज्य ब्यूरो, पटना : रीयल स्टेट का व्यवसाय करने वाली अग्रणी ग्रुप ऑफ कंपनीज रेरा के पास आने वाली शिकायतों में भी 'अग्रणी' है। रेरा के पास आने वाली लगभग 75 फीसद शिकायतें रेरा ग्रुप ऑफ कंपनीज से जुड़ी हैं। रेरा ने इसकी पूरी सूची अपनी वेबसाइट पर जारी की है।

रेरा ने सूची में टॉप-14 प्रोमोटर्स के नाम दिए हैं। इनमें 1319 शिकायतों के साथ अग्रणी ग्रुप ऑफ कंपनी टॉप पर है। शाइनसिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड 156 शिकायतों के साथ दूसरे जबकि 112 शिकायतों के साथ डीडीएल इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड व अग्रणी इंफ्रा डेवपलर प्राइवेट लिमिटेड का स्थान है। विजन लैंड प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ 31, टेक्नो कल्चर बिल्डिंग सेंटर के खिलाफ 30, घर लक्ष्मी बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ 26, रियलाइज रियलकॉन व रुकमनी बिल्डटेक के खिलाफ 24-24 शिकायतें रेरा के तहत दर्ज की गई है।

मालूम हो कि रेरा में बिना रजिस्ट्रेशन के अपार्टमेंट निर्माण और उसकी बिक्री अवैध है। यही नहीं, रेरा में बिना रजिस्ट्रेशन के किसी प्रोजेक्ट का प्रचार भी नहीं किया जा सकता है।

Scanned with CamScanner